प्रेषक,

उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
हापुड (गाजियाबाद)

सेवा में,

1. बेसिक शिक्षा अधिकारी
   जनपद गाजियाबाद एवं हापुड।
2. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी
   जनपद गाजियाबाद एवं हापुड।

पत्रांकः डायट 01/1040-1041/2021–22 दिनांक 16.12.2021

**विषयः न्यूनतम समय में विज्ञान, गणित एवं सामाजिक अध्ययन विषय की विभिन्न अवधारणाओं को स्पष्ट करने हेतु विडियो निर्माण प्रतियोगिता की अन्तिम तिथि बढाये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हापुड (गाजियाबाद) के पत्रांक सं0 939–940/2021–22 दिनांक 01.12.2021 का संदर्भ ग्रहण करे, जिसमें प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को प्रतिभाग कराना है, परन्तु अन्तिम तिथि 10.12.2021 तक पर्याप्त प्रतिभागी नही मिलने के कारण प्रतियोगिता की अन्तिम **तिथि 22.12.2021** कर दी गयी है।

उक्त के संबंध में आपसे अपेक्षा की जाती है कि प्रतियोगिता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करे ताकि अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जा सके।

भवदीय

उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
हापुड (गाजियाबाद)

Scanned with CamScanner

प्रेषक,

उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
हापुड़ (गाजियाबाद)

सेवा में,

1. बेसिक शिक्षा अधिकारी
   जनपद गाजियाबाद एवं हापुड।
2. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी
   जनपद गाजियाबाद एवं हापुड।

पत्रांकः डायट 01/939-940 /2021–22 दिनांकः 01-12-2021

विषयः न्यूनतम समय में विज्ञान, गणित एवं सामाजिक अध्ययन विषय की विभिन्न आवधारणाओं को स्पष्ट करने (CCMT - Concept Clarity in Minimum Time) हेतु विडियो निर्माण प्रतियोगिता के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांकः रा0शै0/21937–22085/2021–22 दिनांक 01 अक्टूबर 2021 का संदर्भ ग्रहण करें जो अधोहस्ताक्षरी के साथ–साथ आपकों भी सम्बोधित है, जो न्यूनतम समय में विज्ञान, गणित एवं सामाजिक अध्ययन विषय की विभिन्न आवधरणाओं का स्पष्ट करने (CCMT- Concept Clarity in Minimum Time) हेतु विडियों निर्माण प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में है।

उक्त प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया जायेगा। प्रथम चरण जनपद स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा तथा द्वितीय चरण राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा आयोजित किया जाना है। इस प्रतियोगिता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक प्रतिभाग करेगें तथा प्रतिभागियों को कक्षा 6 से 8 की विज्ञान, गणित एवं सामाजिक अध्ययन विषय की पुस्तकों में निहित अवधारणाओं की स्पष्टता हेतु छोटे से छोटा (कम समय का) वीडियों तैयार करना है। निर्मित वीडियो को संस्थान की ई–मेल आई0डी0 diet.ghaziabad@gmail.com पर भेजने की अन्तिम तिथि 10.12.2021 है। उक्त प्रतियोगिता में जनपद स्तर के प्रत्येक विकासखण्ड से शिक्षकों को प्रतिभाग करने हेतु अपने स्तर से आदेशित करने एवं निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, उ0प्र0, लखनऊ के दिनांक 1 अक्टूबर 2021 पत्र में दियें गये निर्देश के कम में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः उक्तवत्

नोटः प्रतियोगिता की विस्तृत सूचना हेतु डायट की Official website- www.diethapur.com पर visit करे।

भवदीय

1/12/2021

उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
हापुड़ (गाजियाबाद)

Scanned with CamScanner

## न्यूनतम समय में विज्ञान, गणित एवं समाजिक अध्ययन विषय की अवधारणाओं को स्पष्ट करने (CCMT 'Concept Clarity in Minimum Time') प्रतियोगिता से संबंधित विवरण, निर्देश एवं समय सारिणी

**(1) प्रतियोगिता के स्तर–** प्रतियोगिता दो स्तरों में आयोजित की जायेगी।

- जनपद स्तरीय प्रतियोगिता।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता।

**(2) प्रतियोगिता हेतु वीडियो बनाना एवं प्रेषित करना–**

- इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को कक्षा 6 से 8 की विज्ञान, गणित एवं समाजिक अध्ययन विषय की पुस्तकों में निहित अवधारणाओं की स्पष्टता हेतु छोटे से छोटा (कम समय का) वीडियो तैयार करना है।
- वीडियो इस प्रकार का हो जो सरल भाषा एवं रोचक प्रस्तुतीकरण के साथ अवधारणा को स्पष्ट करता हो।
- वीडियो में विषयवस्तु तथा अवधारणा स्पष्ट होनी चाहिए।
- अवधारणा को स्पष्ट करने हेतु सामग्री परिवेश में उपलब्ध होने वाली सामग्री से बनी होनी चाहिए।
- अवधारणा को स्पष्ट करने हेतु दिखायी गयी गतिविधि जोखिम रहित होनी चाहिए।

**(3) प्रतिभागी–**

- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता
- प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षक

**(4) प्रचार–प्रसार–**इस प्रतियोगिता का प्रचार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, ए0आर0पी0 के माध्यम से किया जाए। प्रचार हेतु सोशल मीडिया यथा–जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के फेसबुक पेज एवं व्हॉटस–ऐप ग्रुप का प्रयोग किया जाए।

**(5) प्रतियोगिता का आयोजन –**

**प्रथम स्तर (जनपद स्तरीय)**

- जनपद स्तरीय प्रतियोगिता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित की जायेगी। उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार किया जाये, जिससे अधिक से अधिक शिक्षक जनपद स्तर में प्रतिभाग करें। इसके साथ ही डायट के प्रवक्ताओं की प्रतिभागिता भी सुनिश्चित करायी जाये।
- जनपद स्तर पर शिक्षकों से वीडियो प्राप्त किये जाये तथा उनकी स्क्रीनिंग विशेषज्ञों के पैनल के माध्यम से करायी जायेगी। विशेषज्ञों के पैनल में कम से कम 3 वाह्य विशेषज्ञों को रखा जाए। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को पैनल में न रखा जाये।
- वीडियो की स्क्रीनिंग/मूल्यांकन इस पत्र के बिन्दु–06 में दिये गये निर्देशानुसार कराया जाये।

प्रत्येक कक्षा के 01–01 वीडियो (प्रत्येक जनपद से कुल 09 वीडियो) एस0सी0ई0आर0टी0, उ0प्र0 विज्ञान, गणित एवं समाजिक अध्ययन विषय के निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार उपलब्ध कराये जायें। **जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित वीडियोज़ को संस्थान की गूगल ड्राइव पर एक फोल्डर में अपलोड करें तथा अपलोड किये गये फोल्डर के लिंक को पत्र के साथ संलग्न निर्देश में दिये गये प्रारूप में निर्धारित स्थान पर paste करें एवं पूरित प्रारूप की सॉफ्ट कापी को दिनांक 15.11.2021 तक ईमेल–scertup2020rlec.chemistry@gmail.com पर ही उपलब्ध करायें। वीडियोज़ के फोल्डर के लिंक को टाइप न किया जाये।**

**प्रारूप–**

| क0 सं0 | जनपद | चयनित प्रवक्ता/शिक्षक का नाम व पदनाम | संस्थान/विद्यालय | मोबाइल | कक्षा, जिसका वीडियो है | विषय, पाठ व प्रकरण का नाम | गूगल ड्राइव पर अपलोड किये गये वीडियोज़ के फोल्डर का लिंक पेस्ट करें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

Scanned with CamScanner

**<u>द्वितीय स्तर (राज्य स्तरीय)</u>**

- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त वीडियोज़ का मूल्यांकन एस0सी0ई0आर0टी0 द्वारा वाह्य विशेषज्ञों के पैनल द्वारा कराया जायेगा।
- **राज्य स्तर पर चयनित वीडियो बनाने वाले शिक्षकों/प्रवक्ताओं को पुरस्कृत किया जायेगा।** चयनित वीडियोज़ को पाठ्यपुस्तक में दिये गये क्यू0आर0 कोड से लिंक कर दीक्षा पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।

**(6) वीडियो की स्क्रीनिंग/मूल्यांकन** –वीडियो का मूल्यांकन का आधार न्यूनतम समय में अवधारणा की स्पष्टता होगा। मूल्यांकन के बिन्दु निम्नवत् होंगे–

- समय–सीमा (20 अंक)–वीडियो का समय न्यूनतम होना चाहिए।
- अवधारणा की स्पष्टता (20 अंक)–वीडियो अवधारणा को रोचक तरीके से स्पष्ट करता हो।
- भाषा की सरलता (5 अंक)–वीडियो मे बोली गयी भाषा सरल और स्पष्ट सुनायी देने वाली हो।
- प्रयुक्त सामग्री (5 अंक)–सामग्री सरलता से उपलब्ध होनी वाली तथा जोखिम रहित हो।

**(7) समय–सारिणी–**

| | | |
|---|---|---|
| **प्रथम स्तर** | • जनपद स्तर पर जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 द्वारा वीडियो प्राप्त करना।<br>• प्राप्त वीडियो की स्क्रीनिंग कर 06 वीडियो (कक्षा 6, 7, 8 से 2–2 वीडियो) राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को उपलब्ध कराना। | 30 अक्टूबर, 2021<br><br>15 नवम्बर, 2021 |
| **द्वितीय स्तर** | राज्य स्तर पर स्क्रीनिंग एवं परिणाम की घोषणा | जनवरी, 2022 तक |

Scanned with CamScanner